प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 07.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यसभा चुनाव में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने एक–एक सीट पर चुनाव लड़ने का किया फैसला, भाजपा का दावा– विपक्ष के कई विधायक उनके संपर्क में।
2. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का राज्य के विभिन्न जगहों पर हुआ स्वागत, कहा– भाजपा के लिए उज्जवल भविष्य लेकर आएगी झारखंड की जमीन।
3. केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने रांची में संडेज ऑन साइकिल का किया उद्घाटन, हर नागरिक से की राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बनने की अपील।
4. 12 से 15 जून के बीच राज्य में मानसून के प्रवेश करने की संभावना, मौसम विभाग ने नौ और दस जून को राज्य के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश की जताई आशंका।

और

5. झारखंड के युवा पहलवान अनूप कुमार ने उत्तर प्रदेश में आयोजित अंडर–17 सब जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

****

राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी ने एक–एक सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस पर्यवेक्षक भूपेश बघेल ने बताया कि आज शाम मुख्यमंत्री आवास में सभी विधायकों की बैठक बुलाई गई है।

इधर, भाजपा के नेता भानु प्रताप शाही ने दावा किया कि राज्यसभा की दूसरी सीट उनकी पार्टी ही जीतेगी, क्यूंकि विपक्ष के कई विधायक उनके संपर्क में हैं।

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा है कि भाजपा के लिए झारखंड की जमीन निश्चित रूप से उज्जवल भविष्य लेकर आएगी। पत्रकारों से बातचीत में आज श्री नबीन ने दुहराया कि भाजपा ने ही झारखंड राज्य के गठन के लिए संघर्ष किया और वही इसे संवारेगी भी।

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस दौरे से कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची के मोरहाबादी में संडेज ऑन साइकिल का उद्घाटन किया। भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में श्री सेठ ने कहा कि फिट इंडिया केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का राष्ट्रीय आंदोलन है। उन्होंने हर नागरिक से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की।

****

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा है कि झारखंड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत महागामा में कांग्रेस के बीएलए एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से मतदाता सूची के सत्यापन में जुटे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि बीएलओ के घर आने पर सही और पूरी जानकारी देनी चाहिए।

****

कक्षा 12वीं की परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद संबंधित मुद्दों की जांच और उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि पोर्टल मध्यरात्रि तक खुला रहेगा।

****

हजारीबाग स्थित विनोबा भावे यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए एमबीए और बीबीए पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एमबीए के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त तथा बीबीए के लिए 5 जुलाई निर्धारित की गई है।

****

केंद्र सरकार ने आज कहा कि अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारतीय घरों को खाना पकाने की गैस वैश्विक स्तर पर सबसे कम कीमतों पर मिल रही है।

वहीं आज, घरेलू रसोई गैस की कीमत में 14 किलो दो सौ ग्राम के सिलेंडर पर 29 रुपये की वृद्धि की गई है।

****

घरेलू गैस की कीमतों में वृद्धि पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि इससे गरीबों का जीवन प्रभावित होगा।

साउंड बाइट – मनोज पांडेय ऑन एलपीजी प्राईस – 20 सेकेंड

इधर, भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अन्य देशों के मुकाबले अभी भी भारत में घरेलू गैस काफी कम कीमत पर मिल रही हैं।

****

खूंटी जिले के तोरपा से विधायक सुदीप गुड़िया ने आज एक समारोह में सात एंबुलेंस और तीन शव वाहनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

****

मौसम विभाग ने नौ और दस जून को राज्य के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान गर्जन और वज्रपात के साथ–साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। संभावना जताई जा रही है कि 12 से 15 जून के बीच राज्य में मानसून दस्तक दे सकता है।

****

झारखंड के युवा पहलवान अनूप कुमार ने उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित अंडर–17 सब जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता के 45 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी के प्रशिक्षु अनूप ने सभी मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीतते हुए खिताब अपने नाम किया।

*********समाप्त********